दैनिक

प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 332 मुरादाबाद 04 April 2022 2022 (Monday) पृष्ठ :- 10 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## वह दिन बहुत करीब जब कश्मीरी पंडित अपने घरों में वापस लौटेंगे: जम्मू में बोले RSS चीफ मोहन भागवत



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के प्रमुख मोहन भागवत ने कश्मीरी पंडितों के जल्द घाटी में लौटने की बात कही है। भागवत ने उम्मीद जताई कि आतंकवाद की शुरुआत के बाद 1990 के दशक में अपने घरों से विस्थापित हुए कश्मीरी पंडित जल्द ही घाटी में वापस लौट आएंगे। भागवत ने जम्मू में नवरेह समारोह के आखिरी दिन वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कश्मीरी हिंदू समुदाय को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि वह दिन बहुत करीब है जब कश्मीरी पंडित अपने घरों में वापस आएंगे और मैं चाहता हूं कि वह दिन जल्द आए।" भागवत ने कहा कि विवेक अग्निहोत्री निर्देशित द कश्मीर फाइल्स% ने कश्मीरी पंडितों की सच्ची तस्वीर और 1990 के दशक में कश्मीर घाटी से उनके पलायन का खुलासा किया है। विवेक अग्निहोत्री निर्देशित द कश्मीर फाइल्स% 11 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, इसमें अनुपम खेर, मिथुन चक्रवर्ती, पल्लवी जोशी, दर्शन कुमार और अन्य एक्टर्स शामिल हैं। फिल्म ने देश में पॉलिटिकल स्पेक्ट्रम का तेजी से ध्रुवीकरण किया है।

### कश्मीरी पंडितों को अपने वतन लौटने का लेना चाहिए संकल्प

आरएसएस प्रमुख ने कहा, "आज हर भारतीय कश्मीरी पंडितों के पलायन की सच्चाई के बारे में जानता है। यही वह समय है जब कश्मीरी पंडितों को अपने घरों में इस तरह वापस जाना है कि वे भविष्य में फिर कभी नहीं उखड़ें।" उन्होंने यह भी कहा कि कश्मीरी पंडितों को अपने वतन लौटने का संकल्प लेना चाहिए, ताकि जल्द ही हालात बदल सकें।

### द कश्मीर फाइल्स ने लोगों को झकझोर दिया

भागवत ने कहा, "कुछ इस फिल्म के समर्थन में हैं, कुछ इसे आधा सच कह रहे हैं लेकिन इस देश के आम लोगों की राय है कि कड़वी सच्चाई को दुनिया के सामने पेश करके फिल्म ने लोगों को झकझोर दिया है। उन्होंने आगे कहा कि कोई भी कश्मीरी पंडितों को जाने के लिए मजबूर नहीं कर सकता है। अगर कोई ऐसा करने की कोशिश करता है, तो उसे नतीजे भुगतने होंगे।

## यूपी से सटी सीमाओं पर हमेशा नेपाल की मदद करेगी सरकार - योगी

## बाबा विश्वनाथ के दर्शन पाकर हम धन्य हो गए, काशी पहुंचकर बोले नेपाल के प्रधानमंत्री




काशी दौरे पर पहुंचे नेपाली पीएम शेर बहादुर देउबा के साथ द्विपक्षीय वार्ता में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार नेपाल के साथ विकास का संबंध भी मजबूत करना चाहती है। उन्होंने कहा कि सदियों से दोनों देशों के बीच में धार्मिक व सांस्कृतिक रिश्ता रहा है। उन विरासतों के संरक्षण के साथ अब विकास के आयाम पर दोनों सरकारों को मिलकर काम करना चाहिए। नदेसर स्थित ताज होटल में करीब 45 मिनट तक बैठक में विभिन्न मुद्दों पर वार्ता हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या-जनकपुर और काशी विश्वनाथ-पशुपति नाथ का रिश्ता काफी प्राचीन है। इन रिश्तों के जरिए अब दोनों देशों के युवाओं को रोजगार और आधारभूत विकास पर भी जोर देना होगा। मुख्यमंत्री ने रामायण सर्किट व बुद्ध सर्किट की चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की ये महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को नेपाल तक विस्तार किया जा सकता है। सीएम ने प्रधानमंत्री को आश्वास्त किया कि प्रदेश से सटी नेपाल की सीमाओं पर सरकार हमेशा नेपाल की मदद करेगी। नेपाली पीएम ने योगी आदित्यनाथ को दोबारा मुख्यमंत्री बनने की बधाई दी। नेपाल के पीएम देउवा सपरिवार रविवार की सुबह बनारस पहुंचे थे। यहां उन्होंने कालभैरव व विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया। तत्पश्चात ललिता घाट स्थित नेपाली मंदिर में भी पूजन करने के बाद पीएम ने वृद्धाश्रम के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारम्भ किया। नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउवा रविवार सुबह काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने बाबा विश्वनाथ का दर्शन पूजन पश्चात कहा कि बाबा के दर्शन पाकर हम इस जन्म में धन्य हो गए। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद भी दिया। रविवार की सुबह प्रधानमंत्री मुख्य द्वार से होते हुए परिसर के उत्तरी प्रवेश द्वार पर गए। सबसे पहले गर्भ गृह में जाकर बाबा काशी विश्वनाथ का षोड्शोपचार पूजन किया। प्रधानमंत्री के आगमन पर मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया था। उनके पहुंचते ही वैदिक मंत्रोच्चार और डमरु वादन कर स्वागत हुआ। दर्शन पूजन करने के पश्चात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंगवस्त्रम रुद्राक्ष की माला, प्रसाद के साथ स्मृति चिह्न के रूप में बाबा काशी विश्वनाथ की एक रेप्लिका भेंट की। इसके बाद प्रधानमंत्री धाम से होते हुए ललिता घाट स्थित पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचे। वहां से दर्शन-पूजन के बाद प्रधानमंत्री काशी विश्वनाथ धाम होते हुए ताज होटल को रवाना हो गए। इस दौरान मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल, जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा, मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी निखिलेश कुमार मिश्रा विशेष कार्याधिकारी उमेश कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में अफसर रहे ।

## बुलडोजर बाबा का खौफ: रामपुर में अवैध निर्माण कराने वाले खां साहब ने दिया अपना मकान गिराने की अर्जी




रामपुर में ग्रामीण अहसान खां ने ग्राम समाज के तालाब पर बने अपने ही मकान की तोड़ने की दरखास्त अधिकारियों को दी है। इस पर उपजिलाधिकारी सहित राजस्व अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया। शाहबाद क्षेत्र के गांव मत्तिरपुर के रहने वाले अहसान खां का पुश्तैनी मकान सरकारी तालाब की आराजी पर बना हुआ है, जिसको उन्होंने खुद कुबूल किया और सरकार से उसको तोड़ने की गुहार लगाई। खां ने उपजिलाधिकारी शाहबाद को तहरीर देकर बताया कि उनका एक पुश्तैनी मकान गांव में स्थित तालाब में बना हुआ है, लिहाजा उस मकान को गिरा दिया जाए। मत्तिरपुर अहरौला में स्थित तालाब की आराजी पर लगभग 90 मकान बने हुए हैं। अधिकारियों राजस्व टीम के पहुंचने से अवैध कब्जा धारियों में हड़कंप मचा हुआ है। मत्तिरपुरपुर अहरौला के रहने वाले अहसान खां ने अधिकारियों को दरखास्त देकर कहा है कि सबसे पहले उसका मकान तोड़ा जाए। उसके बाद बाकी अवैध कब्जेदारों के और केवल मत्तिरपुर में नहीं जिले में जहां जहां भी अवैध कब्जे हैं। उन सभी को ध्वस्त किया जाए। ग्रामीणों ने बताया कि यह आबादी लगभग 50 -60 साल पुरानी है और मकान भी इतने ही पुराने बने हुए हैं। अब पुराने मकान टूट कर के पक्के मकान बन गए हैं। एसडीम शाहबाद अशोक चौधरी ने बताया की शिकायत मत्तिरपुरपुर अहरौला के रहने वाले अहसान खां ने शिकायत की थी। मौके पर निरीक्षण किया गया गांव की आधे से ज्यादा आबादी तालाब में बनी हुई है। पैमाइश कराकर नोटिस जारी किए जा रहे हैं। अगर खुद खाली कर देते हैं तो ठीक है, वरना फिर मकानों को तुड़वाया जाएगा।

# 10 वर्षो से फरार, 10 हजार रुपये का ईनामी एसओजी ने किया गिरफ्तार

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



रुद्रपुर- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधमसिंहनगर महोदय के द्वारा अपराध गोष्ठी के दौरान अपराध पर नियंत्रण हेतु प्राथमिकता के आधार पर जनपद के समस्त थाना पुलिस एवं एसओजी टीम को ईनामी अपराधियों की गिरफ्तारी एवं सक्रिय अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे। उक्त क्रम में पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन श्री परवेज अली व क्षेत्राधिकारी पन्तनगर श्री अमित कुमार के निर्देशन में एसओजी प्रभारी कमलेश भट्ट के नेतृत्व में ईनामी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु एक टीम का गठन किया गया उक्त टीम द्वारा दिनांक 02-04-2022को थाना पन्तनगर के FIR NO- 147/2012 व 148/2012 धारा 420/467/468/471 भादवि में वर्ष 2012 ( लगभग 10 वर्षो से फरार चल रहे 10 हजार रुपये के ईनामी अपराधी अनिल कुमार उर्फ गुड्डू को सर्विलांश के आधार पर कस्बा दलपतपुर के टाटा एजेन्सी के बाहर मुरादाबाद रोड लक्ष्मीपुर कट्ठई उ0प्र0 से गिरफ्तार से किया गया गिरफ्तार अभियुक्त अनिल कुमार वर्तमान समय में दलपतपुर थाना मुढापाण्डे मुरादाबाद क्षेत्र में अपने पुत्र लोकेन्द्र के साथ अपना नाम बदलकर रिटायर दरोगा ज्गुड्डू नाम से रह रहा था। वर्ष 2012 में अभियुक्त अनिल कुमार उर्फ गुड्डू के बेटे लोकेन्द्र, कपिल, जितेन्द्र द्वारा अपने चौथे साथी दीपक विष्ट के साथ मिलकर होलीचौक आवास विकास थाना ट्राजिट कैम्प क्षेत्र में दो लोगों को चाकू मारकर बुरी तरह घायल कर दिया था, जिसमें से एक घायल गौरव अरोड़ा की मृत्यु हो गयी थी जबकि दूसरे गम्भीर रुप से घायल मनोज पन्त को 186 टांके आये थे, उक्त घटना में चारों अभियुक्त जेल गये थे अभियुक्त अनिल कुमार उर्फ गुड्डू उपरोक्त द्वारा फर्जी कागजात तैयार कर उक्त गिरफ्तार अभियुक्तगणों में से अपने बेटे कपिल व जितेन्द्र को नाबालिक घोषित किया गया था कागजात के परीक्षण के बाद कागजों के फर्जी पाये जाने पर मानन्यायालय किशोर न्याय बोर्ड द्वारा वर्ष 2012 में अनिल कुमार उर्फ गुड्डू के विरुद्ध थाना पन्तनगर में स्ट्डक्र ह्ह 147/2012 व 148/2012 उपरोक्त अभियोग पंजीकृत कराये गये थे तब से ही अनिल कुमार उपरोक्त फरार चल रहा था और थाना मुढापाण्डे के दलपतपुर क्षेत्र में नाम बदलकर गुड्डू नाम के रिटायर दरोगा के नाम से रह रहा था ।

# विधानसभा चुनाव जीतने के पश्चात ग्रामीण क्षेत्र के कुन्दननगर में जनता का जताया जताया आभार

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



रुद्रपुर- भाजपा विधायक शिव अरोरा का ग्रामीण क्षेत्र के कुन्दननगर पहुँचने पर हुए जोरदार स्वागत। विधानसभा चुनाव जीतने के पश्चात प्रथम बार कुन्दरनगर क्षेत्र में आयोजित जन आभार कार्यक्रम में स्थानीय लोगों द्वारा फुलमाओ के साथ जोरदार स्वागत अभिनंदन किया गया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा द्वारा जनआभार कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा निश्चित रूप से इतनी बड़ी संख्या में आशीर्वाद देने आये सभी जनता का हृदय से आभार है जिनके सहयोग से आज इतनी बड़ी विजय प्राप्त हुई। शिव अरोरा ने कहा यह जीत भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता की है जिन्होंने दिन रात मेहनत कर के अपने बूथों को जीताने के लिये निरंतर कार्य किया। शिव अरोरा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिपाही के रूप में रुद्रपुर की जनता की सेवा में सदैव तत्पर रहूँगा ओर रुद्रपुर विधानसभा में विकास कार्यो में किसी भी प्रकार की कोई कमी नही आने दी जायेगी और क्षेत्र के विकास के लिये हर सम्भव प्रयास निरतंर किये जायेंगे। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने राज्य सरकार के सहयोग से जरूरतमंद लोगों को राहत चैक वितरण किये । इस दौरान हरीश भट्ट, अमित नारंग, सुदर्शन विश्वास, सुब्रत बाछाड़, आयुष चिलाना, रामप्रसाद मण्डल, ठाकुर विश्वास , सुभाष शर्मा, योगेंद्र चौधरी, सतपाल चावला, गुरुपद सरकार, जुल्फिकार, जितेंद्र कुमार, पिंटू , शुभल मण्डल, अशोक विश्वास, नंदगोपाल रॉय , सुरजीत कालरा, राजकुमार फुटेला, हरबंस लाल, सन्नी गुगलानी, सोनू गिरधर, बलवीर सिंह, अशोक चावला, विकास चावला, विपुल नारंग, अरुण खुराना, गगन खुराना, पंकज प्रकाश कोर, श्वेता नारंग, दीपाली राधा नारंग, नीलू आदि लोग मौजूद रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# 10.17 ग्राम स्मैक के साथ एक व्यक्ति कुंडा पुलिस की गिरफ्त में

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



रुद्रपुर-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उधमसिहगर द्वारा जनपद में नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक काशीपुर श्री चन्द्रमोहन सिह व श्रीमान् क्षेत्राधिकारी काशीपुर श्री वीर सिह के निर्देशन मे अवैध मादक पदार्थो की तस्करी, रोकथाम एंव अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दिनांक 02.04.2022 को मुखविर खास की सूचना पर चौकी प्रभारी शिवराजपुर पट्टी उ0नि0 रमेश चंद्र बेलवाल कानि. ना.पु. नीरज विष्ट व कानि ना.पु. देवेन्द्र सिह कानि ना.पु. गिरीश जोशी द्वारा अभियुक्त मोहम्मद नदीम पुत्र निजामुद्दीन , निवासी मोहल्ला जटवारा नई बस्ती थाना जसपुर ,को बिना नम्बर की मोटरसाइकिल के परिवहन करते हुए रात्रि के समय गोविंदपुर तिराहा जसपुर मोड़ से कब्जे से 10.17 ग्राम अवैध स्मैक के गिरफ्तार किया गया । जिस संदर्भ में थाना कुंडा पर FIR NO 96/2022 ,धारा 8/21/60 एन0डी0पी0एस एक्ट पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय माननीय के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा। अभियुक्त नदीम पूर्व में भी जसपुर थाने से अवैध स्मैक रखने के आरोप में तीन बार जेल जा चुका है और अभी 27 मार्च को ही जेल से छूटकर आया है

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# एसएसपी उधमसिंहनगर ने किया फायर स्टेशन रुद्रपुर का औचक निरीक्षण दिए आवश्यक दिशा निर्देश



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रुद्रपुर-डॉ मंजूनाथ टीसी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधमसिंहनगर महोदय द्वारा फायर स्टेशन रुद्रपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान महोदय द्वारा आग बुझाने वाले उपकरणों का निरीक्षण कर उनको चेक किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को आग और आपदा से निपटने के लिए हमेशा तैयारी में रहने, आपदा उपकरणों का संचालन करने और आपदा से बचाव संबंधी निरंतर अभ्यास करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य अग्निशमन अधिकारी व फायर सर्विस के अधिकारी/ कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# 'मेरी मोहब्बत' लव सांग का मुहूर्त ,नई प्रतिभाओ को मिलेगा काम करने का मौका

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



रुद्रपुर-बादल फिल्म्सएन्ड्म्यूजिक एंटरटेंटमेंट और जन्नत फिल्म्स एन्ड्म्यूजिक के बैनर तले बन रहे लव सांग 'मेरी मोहब्बत' के मुहूर्त शॉट का प्रारम्भ बलदेव राज छाबड़ा द्वारा नज़राना रेस्टोरेंट में किया गया। यह सांग को जल्द ही ओटीटी प्लेटफार्म एवं यूट्यूब पर रिलीज़ होगा। 'मेरी मोहब्बत' लव सांग के डायरेक्टर नाहिद खान ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सांग को उत्तराखंड के रानीबाग और रुद्रपुर के विभिन्न खूबसूरत लोकेशन पर फिल्माया जा रहा है। इस सांग में स्थानीय प्रतिभाओंको अभिनय का मौका दिया जा रहा है।सांग में मुख्य भूमिका में हल्द्वानी के उभरते युवा कलाकार हिमांशु तिवारी जलवा बिखेरते नज़र आयेंगे, उनके साथ रुद्रपुर की नेहा कार्की भी मुख्य भूमिका में है। जबकि सहायक भूमिका में किच्छा के हिमांशु रस्तोगी अपनी प्रतिभा दिखायेंगे। यह गाना प्रेम पर आधारित है,जो जल्द ही ओटीटी और यूट्यूब पर रिलीज़ होगा, जो युवा पीढ़ी के साथ ही अन्य दर्शकोंको भी पसंद आयेगा।डायरेक्टर नाहिद खान ने बताया कि मुंबई के बादल फिल्म्सएन्ड्म्यूजिक एंटरटेंटमेंट और जन्नत फिल्म्स एन्ड्म्यूजिक ने मिलकर इस सांग का निर्माण किया जा रहा है। जबकि फिल्मांकनयुवा कैमरामेनचन्दन गौतम द्वारा किया जा रहा है। गाने को एडिट और पोस्टर डिज़ाइन अंसार अहमद ने किया है।इस सांग का मधुर म्यूज़िक बादल गुप्ता ने कम्पोज़ किया है। गीत के स्वर शिखा गुप्ता ने लिखे है। जिसे प्रसिद्ध गायक किशन दुलगच ने अपनी मधुर आवाज़ से सजाया है।नाहिद खान ने जानकारी देते हुए बताया कि निकट भविष्य में जन्नत फिल्म्स एन्ड म्यूजिक हिंदी,पंजाबी सांग के साथ ही कुमाउँनीभाषा में भी अच्छेसांग के साथ ही वेब सीरिज,शार्ट फिल्म का निर्माण भी करेगी और सामाजिक सन्देश देगी। इसमें अधिकाँश उत्तराखंड की उभरती प्रतिभाओंको एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराने का प्रयास जायेगा।

## दुकान पर श्री राम ध्वजा लगाकर एवं स्टिकर और फ्लेक्स लगाकर सभी को हिंदू नव वर्ष की बधाई दी



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-चैत्र शुक्ल प्रतिपदा-विक्रम संवत- 2079, हिंदू नव वर्ष के शुभारंभ एवं माता के नवरात्रों पर पार्षद डॉ गौरव श्रीवास्तव एडवोकेट के नेतृत्व में जीएमडी रोड ,बुध बाजार ,मानपुर के बाजारों में प्रत्येक दुकान पर श्री राम ध्वजा लगाकर एवं स्टिकर और फ्लेक्स लगाकर सभी को हिंदू नव वर्ष की बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी गयीं साथ ही पूरा वातावरण जय श्री राम के उद्घोष से गुंजायमान हो गया! इस अवसर पर पूरा बाजार भगवा पताका से सजा नजर आया सभी दुकानदारों ने बड़े प्रेम से अपने अपने प्रतिष्ठानों पर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 2079 के शुभ अवसर पर श्री राम ध्वजा और फ्लेक्स लगवाए!

इस अवसर पर पार्षद डॉ. गौरव श्रीवास्तव एडवोकेट के साथ श्री प्रदीप शर्मा उर्फ बंटू भाई ,श्री अकाश भारद्वाज ,श्री दीपू छाबड़ा, श्री अमन अग्रवाल, श्री ललित चंद्रा, श्री हिमांशु सिंह ,श्री शोभित अग्रवाल, शरीर अकाश शर्मा उर्फ गोलू, श्री मदन ठाकुर, श्री आशीष यादव,श्री सोनू बाल्मिकी,श्री संजीव शर्मा, श्री राजीव शर्मा ,श्री अरविंद शर्मा ,श्री आदित्य प्रताप सिंह श्री, पारस भंडूला प्रमुख रूप से उपस्थित रहे

## शहर में अवैध रूप से चल रहे ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

# सिटी ऑटो रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन की अंबेडकर पार्क में बैठक की गई आयोजित

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- शहर में अवैध रूप से चल रहे ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर और अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर सिटी ऑटो रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन ने आज शहर के सिविल लाइन क्षेत्र अंबेडकर पार्क में बैठक की दरअसल बैठक को संबोधित करते हुए सिटी ऑटो रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी किशन लाल सिंह ने कहा कि सिटी ऑटो रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन की एक बैठक आज शहर के सिविल लाइन क्षेत्र अंबेडकर पार्क में बुलाई गई है, और इस बैठक में हम लोगों ने तय किया है कि मुरादाबाद महानगर में केवल वैध परमिट वाले वाहन चलेंगे, और जो गलत तरीके से कांठ क्षेत्र के, बिलारी क्षेत्र के परमिट चल रहे हैं उन पर रोक लगाने के लिए हम लोगों ने प्रशासन को पत्र दिए हैं, हम चाहते हैं कि वह जल्दी से जल्दी रुके, और कांठ क्षेत्र के जो ऑटो रिक्शा चल रहे हैं, उनकी एक पहचान है कि एक काले रंग का रंग निर्धारित है, लेकिन मुरादाबाद में चलाने के लिए वह हरा और पीला हो जाता है, जो नगर क्षेत्र का है उसी कलर में कांठ के नए ऑटो रिक्शा दिए जा रहे हैं, उसका विरोध आज हमारे ऑटो चालकों ने किया है। इसको रोकने की हम मांग करते हैं, अगर प्रशासन हमारी इस समस्या की ओर ध्यान नहीं देता है, तो हम 15 दिन के बाद धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

# सेक्टर मजिस्टेट्र एवं पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-कलेक्टेट्र सभागार में मुरादाबाद-बिजनौर स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन-2022 को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में सेक्टर मजिस्टेट्र एवं पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नगर मजिस्टेट्र श्री एमपी सिंह ने मुरादाबाद -बिजनौर स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन 2022 को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु निर्वाचन के संबंध में विस्तार से बिन्दुवार जानकारी उपलब्ध करायी तथा पीठासीन अधिकारियों एवं सेक्टर मजिस्टेटों को दायित्वों के संबंध में अवगत कराया इस अवसर पर श्री शैलेन्द कुमार सिंह ने बताया मुरादाबाद-बिजनौर स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन 2022 जनपद में 1800 वोटर्स हैं, और मतदान के लिए 09 बूथ बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि हर बूथ पर पुलिस फोर्स की व्यवस्था की गयी और और वीडियोग्राफी भी की जाएगी। उन्होंने स्टेटिक मजिस्टेटों से कहा कि पूरा चुनाव अपनी निगरानी में सम्पन्न करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि पीठासीन अधिकारी को सहयोग करने के लिए स्टेटिक, सेक्टर एवं जोनल मजिस्टेट्र बनाये गये है। निर्भीक होकर मुरादाबाद-बिजनौर स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन 2022 की प्रक्रिया को सम्पन्न करायें। उन्होंने कहा कि सभी पीठासीन अधिकारियों एवं मजिस्टेटों के पास उच्च अधिकारियों का नम्बर अवश्य हों, ताकि किसी भी समस्या का समाधान समय रहते किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि मतपत्र लेखा का कार्य बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए इस कार्य को ठीक प्रकार से करें। उन्होंने कहा कि पीठासीन एवं सेक्टर मजिस्टेट्र का चुनाव में दायित्व बहुत महत्वपूर्ण होता है। इसलिए पूरी सक्रियता बरतते हुए अपने दायित्वों का निवर्हन करें इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आनन्द वर्धन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सुरेन्द सिंह, नगर मजिस्टेट्र एमपी सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा पीठासीन अधिकारी, सेक्टर मजिस्टेट्र, स्टेटिक मजिस्टे ट्र, जोनल मजिस्टे ट्र उपस्थित रहें।

# नवरात्रि के पावन पर्व को लेकर काली माता मंदिर मैं भक्तों का उमड़ा सैलाब श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-मुरादाबाद में नवरात्रि के पावन पर्व को लेकर काली माता मंदिर मैं भक्तों का उमड़ा सैलाब श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद के मुरादाबाद के लालबाग स्थित काली माता मंदिर मैं सुबह से ही श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। देवी मंदिरों में गूंजे मां भगवती के जयकारे, मंदिर प्रांगण में महिला भजन मंडली ने दी प्रस्तुति। वहीं पुलिसकर्मी रहे तैनात, उसके बाद घरों में भी कलस स्थापना के बाद आरती की गई। श्रद्धालुओं ने मां का भव्य श्रृंगार किया। लाल बाग स्थित प्राचीन काली मंदिर में भोर से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया। श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए अपनी बारी का इंतजार करते रहे। मंदिर के महंत सज्जन गिरी ने बताया कि सुबह से की मां की आरती के बाद माता के दरबार मैं श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे। इस मौके पर विपुल भटनागर ने कहा नवरात्र के दूसरे दिन जय मां ब्रह्मचारिणी की अर्चना में श्रद्धालु लीन रहे। और व्यवस्थाओं को दुरुस्त बताया।

## सहारा अमन कमेटी की एक मीटिंग मकबरा रोड कैंप कार्यालय में संपन्न हुई बैठक में आने वाले त्यौहार

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-रमजान मुबारक नवरात्रों को लेकर सभी लोगों ने अपने विचार रखे वही सहारा अमन कमेटी का अध्यक्ष सूफी वसीम अहमद कादरी ने कहा आने वाले त्योहारों पर सहारा अमन कमेटी के पदाधिकारी जैसे भाईचारे को बढ़ाने के लिए कार्य करते रहे हैं उससे भी बढ़ चढ़कर कार्य करेंगे वही संगठन को मजबूती की ओर ले जाते हुए नगर विधानसभा 28 का नगर अध्यक्ष तारीख अंसारी को सभी की सहमति से बनाया गया तारीक अंसारी से आशा की गई है केवल संगठन ग्रुप मजबूत करने के लिए काम करेंगे वह आपसी भाईचारे के लिए काम करेंगे वही तारीक अंसारी ने सभी जिम्मेदार लोगों को विश्वास दिलाया कि हम जिम्मेदारी से काम करेंगे इस मौके पर सूफी वसीम अहमद कादरी हाजी यूसुफ अंसारी एम ताहिर साजिद अंसारी आरिफ मंसूरी हाजी जुबेर आलम मशहूर मंसूरी मोहम्मद शाहिद मोहम्मद बिलाल मोहम्मद फहीम बैठक की अध्यक्षता राजेंद्र कुमार टंडन ने की तथा संचालन आरिफ मंसूरी ने किया

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए०एच०प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेशद्व से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

संपादकीय Editorial

# Open breach of privacy

The accused are also under the purview of this bill. That is, those whose crime has not been proved and those who cannot be called criminals, the proposed law will also apply. Whereas the principle of natural justice is that a person is considered an ordinary citizen until he is proved guilty. The Supreme Court has declared privacy as a fundamental right of the citizens of India. But whether the Government of India respects him is a serious question. This question has arisen in many cases in the past also on many occasions. Now it is again in the discussion due to the Criminal Procedure Recognition Bill 2022 introduced in the Lok Sabha. There is a provision in this bill that modern technology can be used for keeping the record of the criminals arrested and convicted in the case of any crime. It is worth mentioning here that the accused are also under the purview of this bill. That is, those whose crime has not been proved and who cannot be called criminal on the basis of any definition, the proposed law will also apply. Whereas the principle of natural justice is that a person is considered an ordinary citizen until he is proved guilty. He cannot be deprived of his fundamental rights. But this bill has removed the distinction between accused and convicted. The bill was recently approved by the Union Cabinet. Introducing the bill, Minister of State for Home Ajay Kumar Mishra said that only finger prints and footprints are allowed in the present law. Now that new technology has arrived, this law needs to be amended. The government says that the amendment will help the investigating agencies and will also increase the conviction. At the same time, opposition MPs in the Lok Sabha opposed this bill, saying that it is a violation of Articles 20 and 21. He rightly said that this bill violates the right to privacy. After the passage of the bill, the police will have the power to take physical and biological samples of accused or convicted people. The police will also be able to take iris identification, palm-foot impressions, photographs and handwriting samples. The Bill empowers a police station in-charge or a head constable rank policeman to take samples of the accused. Records of these measurements will be maintained for 75 years from the date of collection. This bill has been brought to make a new law by abolishing the Identification of Criminals Act 1920.

# Mrunal Thakur afraid of sharing photos in bikini? Said - I have to gather a lot of courage

Mrunal Thakur, who enjoys a fan following of more than 4 million on Instagram, feels uncomfortable wearing a bikini. Mrinal Thakur himself has told this in an interview. Be it ethnic wear or body hugging dress, Mrinal looks amazing in almost every kind of outfit. Although she is rarely seen in bikini or any such revealing outfit. He has rarely done such scenes in his films. Why is she not seen in a bikini? - Mrunal, who has appeared in films like 'Dhamaka', 'Toofan', 'Super 30' and 'Batla House', will soon be seen in the film 'Jersey' with Shahid Kapoor. In response to the question why Mrinal is not comfortable wearing a bikini, she said, 'I think India is not yet normalized for all types of body type. We still feel that if you are going to the beach you should have the perfect body. It takes courage to do this work- Mrinal Thakur said that she does not want to inspire girls like this. Mrunal Thakur said, 'It is normal to be fat, and there is no problem if your fat has increased. You need to be fit and it is not necessary that you have 6 pack abs. I have to gather a lot of courage to post photos in bikini in the way my physique is now. Dressing sense is different in real life- Mrunal Thakur said, 'I am comfortable about my body, just I am moving slowly.' Mrunal Thakur's dressing sense is amazing and the paparazzi always clicks her in a stunning look. When asked about why her onscreen appearance is different, Mrinal said, "I just live as I am. I always dress according to my mood, and I stay the way I live at home.'



# Alia Bhatt walks like a duck, who did such trolling of the actress

Alia Bhatt is one of the well-known actresses of Bollywood. Millions of people are crazy about his looks and style. Alia's acting and her swag in the recent film 'Gangubai Kathiawadi' was also highly praised and her walking style added to the character of Gangu. But there is someone who doesn't like the move of the actress and called Alia's walking style like a duck. Actually, such trolling of Alia has not been done by anyone but the actress herself. Alia told in one of her new interviews that she finds her gait like a duck. In an interaction with India Today, Alia Bhatt spoke about her character in the film 'Gangubai Kathiawadi' and said that her character was swag and her walking style further enhanced the character. But in real life, Alia finds her walking style strange, to which she said, 'When I saw my own paparazzi videos, I thought I walk like a duck. I thought I was walking very strangely. I had to make it a little more interesting. Alia further said, 'When I saw Pushpa. So I was impressed by Allu Arjun's swag. The swag has to be felt. It should be recognized as a talent.' The film 'Gangubai Kathiawadi', which released on February 25, did very good business at the box office and Alia's acting in the film was also highly praised. In the film, she played a prostitute. Which fights for the rights of women working in brothels and their children. The story of the film is based on a chapter from the book Mafia Queens of Mumbai by S Hussain Zaidi. Apart from Alia Bhatt, 'Gangubai Kathiawadi' also stars Ajay Devgan, Shantanu Maheshwari, Vijay Raj, Indira Tiwari, Seema Pahana and Jim Sarbh in important roles. On the work front, Alia will soon be seen in Ayan Mukerji's film 'Brahmastra'. Apart from this, Alia has Farhan Akhtar's 'Jee Le Zara'. Priyanka Chopra and Katrina Kaif will also be seen with him in this film.



## जीवनदायिनी ईसन नदी बचाओ अभियान के तहत खेत - खलियान में किसान, मजदूरों से जन संपर्क करते हुए - अखिल संघर्षी



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- ईसन नदी बचाओ अभियान के तहत अखिल भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने ईसन नदी के किनारे के गांव रिजोर के खेत - खलियानों में काम कर रहे किसान, मजदूरों से जनसंपर्क कर ईसन नदी बचाओ अभियान के तहत नदी के पुनरुद्धार को शुरू होने वाले कार्य में तन, मन, धन से सहयोग करने की अपील करते हुए नदी, नाले, तालाबों को बचाना कितना आवश्यक है इस विषय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अगर नदी, नाले, तालाब नहीं रहेगे और जल स्तर लगातार नीचे गिरती रहेगी तो जीव - जंतुओं के जीवन पर इसके बहुत बुरे प्रभाव पड़ेंगे आने वाली पीढ़ियों को पीने के लिए भी पानी नहीं मिलेगा साथ ही जलीय, जंगलीय पशु - पक्षियों को पीने के पानी के अभाव में भी अपने प्राण त्यागने पड़ेंगे ऐसी स्थिति में प्राकृतिक संतुलन का सँभल पाना असंभव होगा इसमें आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को बचाने के लिए नदी, नाले, तालाबों सहित पेड़ - पौधों को बचाना और नए पौधों को लगाना बहुत आवश्यक होगा अन्यथा आने वाली पीढ़ियों हम लोगों को कभी माफ नहीं करेंगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से - राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल संघर्षी, प्रदेश महासचिव अरविंद शाक्य, मंडल अध्यक्ष थान सिंह लोधी, चंद्रपाल सिंह वर्मा, ज्ञान सिंह शाक्य, मुकेश बघेल, सियाराम शाक्य, करण सिंह शाक्य, सुनीता देवी सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# लैब टैक्नीशियन ने नशीला इंजेक्शन लगा महिला से किया दुष्कर्म

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- पैथालॉजी टैक्नीशियन ने साथी के साथ मिलकर महिला के साथ कई बार दुष्कर्म किया। दुष्कर्म से पहले उसे नशीला इंजेक्शन देकर बेहोश करता था। बताया जा रहा है कि पहले पीड़िता लैब पर पर बुखार आने पर जांच कराने पहुंची थी। जिसका फायदा उठाकर आरोपी ने घटना को अंजाम दिया। पीड़िता ने लैब संचालक सहित दो पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना रिजोर के एक गांव निवासी पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपी अमित उर्फ जितेन्द्र शाक्य पुत्र सतीश चन्द शाक्य निवासी नगला पुखे थाना रिजोर कसबा रिजोर में एक लैब चलाता है। आरोप है कि 28 मार्च को बुखार आने पर डॉक्टर की सलाह पर आरोपी की लैब पर खून की जांच कराने गई थी। आरोप है कि आरोपी ने जांच के बहाने नशीला इंजेक्शन लगा दिया। बेहोश होने पर आरोपी ने दुष्कर्म किया। वीडियो बना ली। वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए कई बार घटना को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो गया है। हालांकि पुलिस ने वीडियो वायरल न होने की बात कहीं है। एसओ रिजोर विनोद कुमार का कहना है कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पीड़िता को मेडिकल के लिए महिला जिला अस्पताल भेजा है। आरोपी की तलाश की जा रही है। आरोपी कसबा रिजोर में लैब चलाता है। लैब संचालक सहित दो पर घटना को अंजाम देने का आरोप है। ताजा अपडेट के लिए देखे WWW.KNLSIVE.COM

# होली मिलन समारोह में पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश गांधी ने किया पत्रकारों को सम्मानित

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- रविवार को जेल रोड स्थिति अगापे स्कूल पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश गांधी द्वारा आयोजित किऐ गऐ होली मिलन समारोह के दौरान जिले के पत्रकारों को गुलाल लगाकर व अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया ! इस अवसर पर समाजसेवी राकेश गांधी ने कहा कि आज वह दूसरी बार भी विभिन्न गंभीर परिस्थितियों से संघर्ष करते हुऐ जिले की पारदर्शी मीडिया के दम पर निर्दलीय रहकर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद पर आसीन है ! उन्होने कहा कि यदि सरस्वती पुत्रों ने आने वाले नगर पालिका परिषद अध्यक्ष के चुनाव में अपना आशीर्वाद प्रदान किया तो उन्हें हैट्रिक लगाने से कोई भी ताकत रोक नहीं पाऐगी राकेश गांधी ने मीडिया बंधुओ को बताया कि उनके कार्यकाल के लाखों रूपऐ के विज्ञापन बिल भुगतान के लिए लम्बित पडे हुऐ हैं जो अधिशाषी अधिकारी डा. दीप कुमार वार्ष्णेय की हठधर्मी रवैया के चलते भुगतान नहीं हो पा रहे हैं

उन्होने कहा कि हिटलरशाही तरीके से कार्य करने वाले अधिशाषी अधिकारी डा.दीप कुमार वार्ष्णेय को राजनैतिक वर्दहस्त प्राप्त है क्योंकि नगर पालिका परिषद बोर्ड द्वारा दो तिहई बहुमत से उसके विरुद्ध स्थानान्तरण ऐजेन्डा पारित कर शासन को भेजने के बाद भी आज तक उसका स्थानान्तरण नहीं हो पाया है ! उन्होने कहा कि सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड एवं मारहरा विधायक वीरेन्द्र सिहं लोधी के सहयोग से वह शहर में जितना भी विकास कार्य करा सकते हैं, उसको करने का प्रयास किया गया है ! राकेश गांधी ने होली मिलन समारोह में आऐ मीडिया बंधुओ से सहयोग की पुन: अपील के साथ उनके विज्ञापन बिलों के भुगतान के लिए हर संभव प्रयास कर किऐ जाने का आश्वासन दिया है !

# बलवीर पेंट वालों का नवनिर्माणाधीन मकान प्रशाशन ने बुल्डोजर से ढहाया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- एटा जिला जज कंपाउंड के बराबर वर्कशॉप की पुलिया के पास बलवीर पेंट वालों का नवनिर्माणाधीन मकान प्रशाशन ने बुल्डोजर से ढहाया, सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर मकान निर्माण करने का बता रहा है जिला प्रशाशन, निर्माणाधीन बिल्डिंग के तथ्यो को छुपाकर नक्सा पास कराने का आरोप, नगरपालिका पूर्व उपाध्क्ष और सपा नेता सुनील यादव के मामा बलवीर यादव की बताई जा रही है बिल्डिंग,जिला प्रशासन का बताना है कि बिल्डिंग मालिक बलबीर सिंह यादव को दिया था नोटिस, 31 मार्च तक नोटिस देकर अवैध निर्माण को हटाने के दिए थे निर्देश, आरोपित बलवीर यादव का कहना है कि हमारे खिलाफ राजनीतिक संनयंत्र के तहत किया जा रहा है नुकसान, इसी जगह का जिला प्रशाशन ने 2 बार किया था नक्शा पास, जिले में और कई अतिक्रमणकारियों और भू माफियाओं को कर लिया गया है चिंहाकित,अन्य भू माफियाओं पर कभी भी चल सकता है योगी का बुल्डोजर, जिले भर के भू-माफिया अब जिला प्रशासन की रडार पर

## आग से बर्बाद, ऊपर से विभाग ने मांगा हर्जाना

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-दुकान अथवा अन्य व्यवसाय क्षेत्र में आग लगने के बाद दमकल को आग बुझाने के लिए बुलाते हो तो उसका हर्जाना देना होगा। जिले में हुई दो घटनाओं को लेकर विभाग की कार्रवाई जारी है। इसमें दोनों ही मामलों में कार्रवाई की जा रही है। नोटिस भी जारी किए गए थे। हालांकि विभाग की मानें तो यह नियम काफी पुराना है। इसके तहत कार्रवाई होती है।

# दो माह पूर्व हाइवे छितौनी पुल पर हत्या कर शव फैंकने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एटा की थाना कोतवाली देहात पुलिस को मिली बड़ी सफलता। दो माह पूर्व हाइवे छितौनी पुल पर हत्या कर शव फैंकने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार। 28 .02. 2022 को पुल के ऊपर मिला था पूजा उर्फ़ मीना उर्फ़ बवीता उर्फ़ सुमन पुत्री साधूसिंह निवासी ग्राम निनावली थाना एका जनपद फीरोजाबाद का शव। जिसका अभियोग कोतवाली देहात में अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया गया था। जाँच में घटना में संलिप्त वांछित अभियुक्त जयपाल पुत्र नेत्रपाल निवासी नगरिया लुधईया थाना कायमगंज जिला फर्रुखाबाद और अवनेश कुमार पुत्र जगन्नाथ निवासी ग्राम रुस्तमपुर थाना कुरावली जनपद मैनपुरी को हनुमान ट्रांसपोर्ट के पास रेलवे रोड से गिरफ्तार किया गया है। अन्य अभियुक्त सत्यवीर की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक जगदीशचन्द्र सिंह, निरीक्षक अपराध बाबूलाल अहिरवार, उ0नि0 अनुज कुमार चौहान, है0का0 लोकेन्द्र सिंह, का0 गिरीश कुमार यादव, का0 अभिषेक कुमारका0 पवन कुमार शर्मा ( सर्विलांश सैल ), आरक्षी चालक कान्ती शर्मा मौजूद रहे।

WWW.KNSLLIVE.COM

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# स्वास्थ्य केंद्र गोविंदपुर में सोलर पंप ड्राइ होने से गहराया पेयजल समस्या

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- प्रतापपुर विकासखण्ड अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्र गोविंदपुर में सोलर पंप ड्राई होने से स्वास्थ्य केंद्र में पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। स्वास्थ्य केंद्र में करीब दो महीने से ज्यादा समय से सोलर पंप शो पीस बनी हुई है,जिसके चलते स्वास्थ्य केन्द्र में पानी की भारी किल्लत है। गर्मी के मौसम में लोगों में बीमारियां फैल रही हैं। साथ ही कोरोना महामारी भी पुरी तरह खत्म नहीं हुआ है। ऐसे में लोगों का अस्पताल में आवागमन काफी बढ़ गया है। यहां अस्पताल में पानी की किल्लत बनी हुई है। अस्पताल परिसर में लगा सोलर पंप हाथी का दांत साबित हो रही है। सोलर पंप के ड्राई होने से एक-एक बूंद पानी के लिए बाहर भटकना पड़ता है। सीएचओ ललिता कुजुर ने बताया की स्वास्थ्य केन्द्र में पानी एक गम्भीर समस्या बन गया। जिससे स्वास्थ्य केंद्र में रहने में काफी मुश्किल हो रहा है हमे पानी के लिए बहुत भटकना पड़ता है। साथ ही स्वास्थ्य केन्द्र में आये मरीजो को भी पानी की क़िल्लत के वजह से खासा परेशानी होती है।

# हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



थाना गौरेला के अपराध क्रमांक 135/2022 धारा-307,294,34 भादवि के प्रार्थिया काजल यादव पिता स्व लक्ष्मी प्रसाद यादव उम्र 22 वर्ष साकिन बिजरवार थाना गौरेला की दिनांक 31-03-2022 को रिपोर्ट दर्ज करायी कि दिनांक 31-03-2022 को यह अपने घर मे थी और इसकी मां गनेशिया बाई घर का काम कर रही थी , जो घर से बाहर निकली, तो उसी समय इसका पड़ोसी देवलाल आया और इसकी मां से किसी बात को लेकर बहश करने लगा ,तो यह बीच बचाव करने गई ,इतने मे देवलाल यादव का लड़का कमलेश यादव भी वहां आ गया और दोनो मिलकर प्रार्थिया और उसकी मां गनेशिया बाई को गाली गलौच करने लगे इसी बीच देवलाल यादव इसकी मां को बोला कि आज मै तुझे जान से मार दूंगा कहकर दौड़ते अपने घर गया और अपने घर से एक टंगिया लेकर आया और इसी के सामने इसकी मां गनेशिया बाई के सिर मे टंगिया के पासा से जान से मार डालने की नियत से जोरदार प्रहार किया जिससे इसकी मां चोट खाकर गिर गयी तो कमलेश यादव इसकी मां के पैरो को डण्डा से मारा यह बीच बचाव की कोशिश करती रही लेकिन देवलाल यादव इसकी मां के सिर मे टंगिया के पासा से मारा जिससे उसका सिर फट गया और खून बहने लगा मारपीट से इसकी मां के सिर और पैर मे चोट आया है खून ज्यादा बहने से तत्काल अस्पताल मे जाकर भर्ती किये है। कि प्रार्थिया के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुये थाना प्रभारी निरीक्षक युवराज तिवारी टीम लेकर प्रकरण के आरोपीयो को पकड़ने के लिये घटना स्थल पहुच कर आरोपी देवलाल यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो घटना कारित करना स्वीकार किया गया है। प्रकरण के अन्य आरोपी कमलेश यादव घटना दिनांक से फरार है जिसकी पता तलाश जारी है। इस कार्यवाही मे थाना गौरेला प्रभारी निरीक्षक युवराज तिवारी ,सउनि शीतला प्रसाद त्रिपाठी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# विधायक खेलसाय सिंह ने सेजस व कन्या विद्यालय प्रेमनगर में किया सायकल वितरण

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर/प्रेमनगर- मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना के तहत सूरजपुर जिले के विकास खंड प्रेमनगर के स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय एवं कन्या उ. मा. विद्यालय प्रेमनगर में सविप्रा अध्यक्ष व विधायक प्रेमनगर की मुख्यातिथ्य में साइकिल वितरण सम्पन्न हुवा। विशिष्ट अतिथि नरेश राजवाड़े जिला पंचायत उपाध्यक्ष इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सुखमनिया जगत अध्यक्ष नगर पंचायत प्रेमनगर ने की। बता दें कि आज भी हमारे देश में बेटियों को बेटों के समान शिक्षा प्राप्त करने के लिए अवसर प्राप्त नहीं होते थे। इसका सबसे बड़ा कारण परिवार का आर्थिक रूप से कमजोर होना होता था। इसका एक और कारण यह भी होता है कि शिक्षण संस्थान जो अधिकतर दूरी पर होते हैं। छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने के लिए अपने निवास स्थान से बहुत दूर यात्रा करनी पड़ती थी। माता-पिता परिवार में बच्चों की पढ़ाई के लिए उनकी यात्रा पर होने वाले खर्च को नहीं वाहन कर पाते हैं। इसकी वजह से छात्र-छात्राओं के होनहार होने के बावजूद भी उन्हें अपनी पढ़ाई छोड़नी पड़ती है। बेटी के मामले में अक्सर यह मामला ज्यादा देखने को मिलता है। माता-पिता सुरक्षा कारणों की वजह से अपनी पुत्री को विद्यालय नहीं भेज पाते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी द्वारा इस योजना को पूरे राज्य में क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना का नाम छत्तीसगढ़ सरस्वती साइकिल योजना है। योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा शिक्षा विभाग के अंतर्गत बेटियों को स्कूल तक जाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिन बेटियों को घर से दूर विद्यालय तक लाने सरकार द्वारा मुफ्त साइकिल मुहैया कराई जा रही है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े ने कहा कि बेटियां समाज का भविष्य है,उनकी शिक्षा को न छीना जाए। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि भविष्य में अपना एक अलग नाम बनाएं और अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। आत्मानंद व कन्या प्राचार्य रामबरन सिंह ने बताया कि यह सेजस व कन्या विद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में हुई थी। मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना में सेजस के 12 छात्रा व कन्या विद्यालय के 83 छात्राएं हुई लाभान्वित। कुल 95 साइकिल मिली थी जिसे क्षेत्रीय विधायक खेलसाय सिंह जी के करकमलों से वितरण कराया गया। इस कार्यक्रम के दौरान उषा सिंह जिला पंचायत सूरजपुर, सिंगारो बाई अध्यक्ष जनपद पंचायत प्रेमनगर, तुलसी यादव उपाध्यक्ष जपं प्रेमनगर, आलोक साहू उपाध्यक्ष नपं प्रेमनगर, शिवनारायण गुप्ता उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कांग्रेस छत्तीसगढ़, विधायक प्रतिनिधि धनंजय जायसवाल, जपं सदस्य सावित्री सिंह, पार्षद में शाला प्रबंधन विकास समिति हेमंती सिंह, कंचन श्याम, देवेंद्र कुमारी श्याम, गणेश्वर सिंह, झम्मन सिंह, कमलेश्वर सिंह, धन सिंह बंजारा, अन्य सदस्य आलोक जगते, प्रदीप सिंह, लक्ष्मी साहू, पुष्पेंद्र सिंह, राजाराम, आई. अंसारी जी, एस एस दीक्षित, बीईओ आलोक कुमार सिंह, बीपीओ रमेश जायसवाल, आत्मानंद व कन्या प्राचार्य रामबरन सिंह, ठाकुर सिंह प्राचार्य एकलव्य आदिवासी विद्यालय प्रेमनगर, महेश्वर सिंह प्राचार्य उमेश्वरपुर, पुष्पराज पाण्डेय, सुरेश कुमार गुप्ता, लीना यादव सेजस हेडमास्टर, पूर्णिमा सागर, सुदेश भगत, साजिद आलम, सचिन तिवारी, निमेष सिन्हा के साथ विद्यालयीन छात्रा उपस्थित थे।

# व्यापारी पर प्राणघातक हमलें के आरोपियों पर कार्यवाही की मांग

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- दो वाहनों की टक्कर में सड़क पर गिरे गल्ला व्यवसायी के ऊपर गैरेज संचालक व उनके साथियों के द्वारा प्राणघातक हमला कर लहूलुहान करने,सोने की चेन व नगद की लूट किए जाने के बावजूद पुलिस के द्वारा प्रतीकात्मक कार्यवाही के मामले के साथ लीपापोती करने से खुद उद्वेलित व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच व कड़ी कार्यवाही की मांग की है। गौरतलब है कि विगत 30 मार्च को नगर के युवा व्यवसायी दिनेश गोयल नित्य की भांति करीब 11=00 बजे कृष्णापुर स्थित अपनी दुकान से अपने घर स्कूटी से वापस सूरजपुर लौट रहे थे।नगर सीमा स्थित पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे तो अज्ञात दुपहिया वाहन चालक ने पीछे से इनकी स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे दिनेश गोयल सड़क पर गिर गए।उसी दौरान गैरेज संचालक सनक मिजाजी व नगर का असामाजिक युवक सद्दाम खान अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा और घायल व्यवसाई को उठाने की बजाए लोहे के राड से उसके सर पर प्राणघातक हमला कर दिया।जिससे युवा व्यवसाई लहूलुहान होकर बेहोश हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिचित का वहां मजमा लग गया और हमलावर सद्दाम खान व उसके अन्य साथियों के हाथ से लोहे का राड छीन कर फेंका और व्यवसाई को अस्पताल पहुंचाया गया। घटना पर कोतवाली पहुंचकर व्यवसाई दिनेश गोयल व उसके भाई ने प्राथमिकी दर्ज कराई लेकिन पुलिस ने महज साधारण मारपीट का अपराध दर्ज कर खानापूर्ति कर ली। सिर पर संघातिक चोट और 5 टांके आने के बाद भी पुलिस की नाकाफी कार्यवाही से व्यापारी उद्वेलित हो गए हैं। वहीं दूसरी और सोने की चेन एवं नकदी की लूट को नजरअंदाज किए जाने के साथ-साथ सिर की चोट का सिटी स्कैन कराने को लेकर भी बरती गई उदासीनता से व्यापारी संघ में असंतोष व्यक्त किया और संपूर्ण घटना की जानकारी क्षेत्रीय विधायक खेलसाय सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष के के अग्रवाल सहित पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, पुलिस महानिरीक्षक अजय यादव, कलेक्टर गौरव सिंह, एसपी राजेश अग्रवाल व अन्य जनप्रतिनिधियों को देते हुए कार्यवाही को नाकाफी और आरोपी युवक व उसके साथियों की अपराधिक प्रवृत्ति से अवगत कराते हुए कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग की है।इस मामले में स्थानीय विधायक खेलसाय सिंह के सुझाव पर व्यापारी संघ ने पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। जिस पर पुलिस अधीक्षक ने निष्पक्ष जांच कर उचित कार्यवाही हेतु आश्वस्त किया है। इस दौरान व्यापारी संघ सहित नगर के गणमान्य जनों में राजेश अग्रवाल,थलेश्वर साहू, सुनील अग्रवाल, गोपाल शर्मा ,संजय डोसी, जेठमल डागा, राहुल अग्रवाल, मुकेश गर्ग पीड़ित दिनेश गोयल, प्रवेश गोयल, सुरेश अग्रवाल, अंकुर गर्ग, स्वयं गोयल, सुभाष तायल, प्रमोद जैन, आनंद सोनी, गिरधारी साहू, अजय सिंह, वीरेंद्र बंसल, रूपेश मित्तल, अशोक उपाध्याय , विक्रांत कोनेर,रामजी साहू, श्रवण जैन, सुमित मित्तल , अजय अग्रवाल, आयुष गर्ग, शंभू दयाल, आकाश अग्रवाल, प्रेमचंद तायल,परमेश्वर राजवाड़े, हरिओम अग्रवाल, बंटी जिंदिया, कैलाश अग्रवाल, घनश्याम, रोहित, पंकज, शैलेश गोयल, निखिल मित्तल, संजय जैन, संदीप अग्रवाल, विजय गर्ग सहित बड़ी संख्या में नगर के व्यापारी व छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि,कैट के सदस्य,व्यापारी महासंघ के प्रतिनिधियों सहित स्थानीय गणमान्यजन व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## राज्य मंत्री राम केश निषाद जी का मंत्री बनने के बाद प्रथम आगमन पर जगह जगह स्वागत अभिनंदन किया गया

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद- उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति विभाग के राज्य मंत्री राम केश निषाद जी का मंत्री बनने के बाद बांदा प्रथम आगमन पर पूरे जनपद में अलग अलग समाज के लोगो ने अपने अपने ढंग से मंत्री जी का स्वागत अभिनंदन किया। आज सुबह से ही भा जा पा के कार्य करता वा पदाधिकारी माननीय मंत्री जी के स्वागत अभिनंदन के लिए उत्सुक दिखे। अगर बांदा शहर को ही देखे तो महोखर बाई पास से स्वागत गेट की शुरुवात के साथ साथ पूरे शहर में कई जगह स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। इसी क्रम में पद्माकर चौराहा स्थित श्याम बीड़ी की एजेन्सी मालिक मनोज जैन वा प्रमोद जैन ने अपने घर के बाहर टेंट लगवा कर भा जा पा बांदा के उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह नन्ना मनीष पांडे आशुतोष महाराज कल्लू सिंह राजपूत आनंदी साहू आदि के साथ स्वागत करने को बेताब रहे। ठीक इसी क्रम में छोटी बाजार झंडा चिराहे में माननीय सदर विधायक प्रकाश दिवेदी जी ने भी मंत्री जी के स्वागत की तैयारी की। छोटी बाजार से डाक्टर शरद चतुर्वेदी जी के आवास के पास अरुण दाल वालो के बेटे दिलीप गुप्ता ने भी अपने समाज के लोगो के साथ मिल कर मंत्री जी का जोरदार स्वागत किया।

## गूगल पे के माध्यम से 48600रु की ऑन लाईन धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल द्वारा जिले मे घटित धोखाधड़ी के अपराधो की समीक्षा कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अशोकवाडेगांवकर के नेतृत्व मे सायबर सेल एवं गौरेला थाना प्रभारी को निर्देश देकर आरोपीयो की पतासाजी मे हेतु निर्देशित किया था। धोखाधडी के लंबित प्रकरणो का बारीकी से समीक्षा कर तथा तकनीकी जानकारी हासिल करने पर थाना गौरेला के अपराध क्रमांक 84/2020 धारा-420 भादवि के प्रकरण जिसमे प्रार्थी रूपेश कुमार गुप्ता द्वारा थाना गौरेला मे रिपोर्ट दर्ज कराया गया था, कि दिनांक घटना 14.06.2020 को गुगल पे के माध्यम से रकम ट्रांसफर करते समय रकम सही रूप से ट्रांसफर नही हुआ तो उसके द्वारा गुगल पर सर्च कर गुगल पे का कस्टमर केयर का नंबर निकाला गया जिसके सम्पर्क मे आने तथा मोबाईल धारक द्वारा दिये गये निर्देशो को पालन करने से प्रार्थी के अकांउट से 48,600/रू कट गया प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी का लोकेशन झारखंड राज्य के देवघर जिले के ग्राम तुलसी तांड़ मे लोकेशन मिलने से सायबर सेल के टीम द्वारा वरिष्ठ अधिकारीयो के निर्देशो का पालन करते हुये आरोपी मुजाहिद अंसारी पिता गोदो मिया उम्र 24 वर्ष साकिन तुलसीतांड़ थाना करो जिला देवघर झारखंड को गिरफ्तार कर उसके पास से एक मोबाईल फोन एवं फर्जी सीम कार्ड जप्त किया गया है। उक्त सीम एवं मोबाईल के माध्यम से आरोपी के द्वारा तेलंगाना, दिल्ली, छत्तीसगढ़ आदि राज्यो मे धोखाधड़ी का अपराध घटित किया है। आरोपी से पूछताछ पर अपने एक अन्य साथी कादिर अंसारी निवासी तुलसीतांड़ जिला देवघर झारखंड के साथ मिलकर अपराध करना स्वीकार किया है। आरोपी कादिर अंसारी वर्तमान मे फरार है जिसकी तलाश जारी है। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देश पर सायबर सेल एवं जिला पुलिस की टीम द्वारा चार दिन पूर्व भी थाना गौरेला एवं मरवाही धोखाधडी के दो प्रकरण मे कुल तीन आरोपीयो को देवघर झारखंड से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है इस कार्यवाही मे थाना गौरेला प्रभारी निरीक्षक युवराज तिवारी ,एवं सायबर सेल टीम सउनि हेमंत आदित्य , सउनि दुर्गेश राठौर ,आरक्षक राजेश शर्मा , आरक्षक चौपाल कश्यप,आरक्षक संजय रात्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## दो बच्चो की मौत से गुरेह गांव में छाया मातम

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद- बांदा जनपद के गुरेज ग्राम पंचायत के राम गुलाम के पुरवा में आज लगभग ग्यारह बजे यादव परिवार के बच्चे भैस नहलाने गए थे। भैस नहलाते नहलाते दोनो गहरे गड्ढे में चले गए । जिससे दोनो की मौत हो गई। वही ग्रामीणों ने बताया की अवैध मिट्टी खुदाई से हुआ था। गड्ढा, गड्ढे में भरे पानी में डूबे दोनों बच्चे, सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस बल ने दोनों बच्चों के शव को बाहर निकला कर तुरंत जिला अस्पताल इलाज हेतु भेजा गया। जिला अस्पताल में मोजूद डाक्टर ने जांच कर मृत घोषित किया। इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश के साथ ही मातम छा गया।

## हर वर्ष की भांति इस साल भी आर एस एस का पद संचलन कार्यक्रम बांदा के रायफल क्लब मैदान में संपन्न हुआ

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद- तीन बजे से बांदा के रायफल क्लब मैदान मे आर एस एस का पद संचलन कार्यक्रम हुआ। इसमें सभी बांदा के संघ से जुड़े पदाधिकारियों सदस्यों ने समय से रायफल क्लब मैदान बांदा में एकत्र होकर पूरे नगर भ्रमण कार्यक्रम की शुरुवात करते हुए बाबू लाल चौराहा खुटी चौराहा जिला परिषद गुलरनाका माहेश्वरी देवी राम लीला मैदान बाजार गंज चौराहा होते हुए रायफल क्लब मैदान मे विचार गोष्ठी के साथ समापन हुआ। आज के कार्यक्रम के बारे में भा जा पा के वरिष्ठ किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष बाल मुकुंद शुक्ला जी ने बताया की यह कार्यक्रम हर वर्ष चैत्र की बैठकी के दिन होता रहा है। मगर इस बार आज रविवार होने के कारण सभी लोग इस कार्यक्रम में शामिल हो सकेंगे इस लिए आज किया गया। इसमें पूरी पद यात्रा के दोरान जगह जगह पुस्प बरसा की गई।साथी ही पूरे कार्यक्रम में सदर विधायक प्रकाश दिवेदी भा जा पा बांदा उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह नन्ना मनीष पांडे बाल मुकुंद शुक्ला कल्लू काडेर हर्ष श्रीवास्तव दुर्गा वहानी की विनोद जैन के साथ काफी संख्या में महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हुए पद यात्रा के दौरान पूस्प बरसा की।

## भाजापा एमएलसी प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




श्रावस्ती- इकौना श्रावस्ती भाजपा एमएलसी प्रत्याशी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी ने जिले में मतदाताओं से जनसम्पर्क के अंतर्गत जनप्रतिनिधि परिचयात्मक बैठम का आयोजन किया।प्रथम बैठक श्रावस्ती विधानसभा क्षेत्र के इकौना विकासखंड के जनप्रतिनिधियों के साथ विधायक श्रावस्ती के आवास पर तथा द्वितीय बैठक गिलौला स्थित सरस्वती शिशु मन्दिर में आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने प्रत्येक पंचायत प्रतिनिधि व सभासदों को आश्वस्त करते हुए कहाकि डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी एक सच्ची समाजसेविका, कुशल नेत्री के साथ एक आदर्श जनप्रतिनिधि के रूप में आपके सुख दुख में रहेंगी।एमएलसी प्रत्याशी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहाकि मुझे खुशी है पार्टी ने मुझे टिकट देकर अपने परिवार श्रावस्ती में चुनाव लड़ने को भेजा है क्योंकि श्रावस्ती मेरा अपना घर है मेरी ससुराल है और एक बहु के रूप में आप सभी से आपका आशीर्वाद समर्थन मांगने आयी हूँ। सेवाकार्यों व सामाजिक कार्यों के कारण इनका नाम सिर्फ श्रावस्ती बहराइच ही नही अपितु पूरे देवी पाटन मण्डल में पूरे सम्मान के साथ लिया जाता है। जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने कहाकि अभी तक जहां जहां भी बैठक हुयी वहां के पंचायत प्रतिनिधियों ने स्वत: ही खुले मन से भाजपा प्रत्याशी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी को अपना पूरा समर्थन प्रदान किया है। डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी एक जानी मानी और जनता की कसौटी पर खरी उतरने वाली एकमात्र ऐसी प्रत्याशी है जिसमें मतदाताओं में विकास की किरण नज़र आती है। जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने कहाकि दोनों जनपदों में ऐसा एक भी व्यक्ति अभी तक ऐसा नही मिला जिसने डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी के समाज के लिए किए गए कार्यों की तारीफ नही की हो। चाहे कोरोना के समय मे मुफ्त उपचार से लेकर राशन वितरण हो और चाहे इहके अस्पताल में किसी गरीब मरीज के इलाज किये जाने के सम्बंध में। हम श्रावस्ती वासियों के यह सौभाग्य है कि डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी के रूप में हम सभी को हमारे जनपद की बहू, शिक्षित योग्य और बेदाग प्रत्याशी मिली है। निश्चित ही इनके नेतृत्व में श्रावस्ती आप सभी के सहयोग व सहभागिता से विकास की नयी गाथा लिखेगा। बैठक में ब्लॉक प्रमुख इकौना मिथिलेश पाण्डेय, ब्लॉक प्रमुख गिलौला पूजा देवी, मिथिलेश सिंह, प्रकाश, जिला उपाध्यक्ष पूजा पाण्डेय, विन्नु तिवारी, दूधनाथ शुक्ला, सतीश जायसवाल, राकेश सिंह , महाराज प्रकाश तिवारी तथा भारी संख्या में दोनों विकासखंडों के ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, चेयरमैन व सभासद उपस्थित रहे।

## बाल विकास परियोजना कार्यालय जमुनहा पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का संचारी रोग के संबंध में प्रशिक्षण



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत बाल विकास परियोजना कार्यालय पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को यूनिसेफ संस्था के अनुराग सिंह ने उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्री जमुनहा क्षेत्र के लोगों को संचारी रोग के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए जानकारी दिया और बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री इस संचारी रोग अभियान के अंतर्गत अपने केंद्र व गांव में जाकर घर घर संचारी रोग के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक करेंगी और रोग से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी भी ग्रामीणों को देंगी इस मौके पर आंगनबाड़ी के परियोजना अधिकारी जमुनहा राजेंद्र कुमार वर्मा वा सुपरवाइजर व लिपिक सूबेदार सिंह व हेमवती गुप्ता सुधा श्रीवास्तव सरिता देवी आदि लोग मौजूद रहे।

## 25 साल से गायब हत्यारोपी गिरफ्तार:युवक की गोली मारकर की थी हत्या

हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद- फर्रुखाबाद में 25 वर्ष पहले हुई हत्या के मामले में आरोपित फरार चल रहा था। न्यायालय ने उसकी गिरफ्तारी के लिए कोतवाली प्रभारी से भी जवाब-तलब किया था। पुलिस ने उसे हरदोई स्थित आवास से रात दबोच लिया। आरोपी हरियाणा के रेवाड़ी में एक फार्म हाउस में छिप कर रह रहा था बता दें, शहर कोतवाली के अमेठी गांव के पास 19 अगस्त 1996 को हरदोई जिले के हरपालपुर थाना क्षेत्र के ऊंचा गांव निवासी भंवरपाल सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। भंवरपाल की पत्नी सुजाता फर्रुखाबाद शहर के तलैया फजल इमाम मोहल्ले में रह रही थीं। उन्होंने हरपालपुर थाना क्षेत्र के ननखिरिया गांव निवासी हरनाम सिंह यादव के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था पुलिस ने वर्ष 1997 में हरनाम सिंह के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी, लेकिन हरनाम सिंह हाजिर नहीं हुआ। इसके बाद कोर्ट ने हरनाम सिंह का गिरफ्तारी वारंट जारी कर रखा था, लेकिन पुलिस उसकी तलाश नहीं कर पा रही थी

### कोर्ट से दिया गया था नोटिस

कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ल ने बताया, न्यायालय ने उन्हें भी इस संबंध में नोटिस जारी किया था। हरनाम सिंह हरियाणा के जनपद रेवाड़ी के

> ■ हरियाणा के फार्म हाउस में छिपकर रह रहा था 2 दिन पहले आया था गांव

मटौती गांव के पास एक कृषि फार्म पर रह रहा था। वह 2 दिन पहले ही अपने गांव ननखिरिया आया था। इसकी भनक पाते ही फोर्स भेजकर घेराबंदी कराई गई। जिससे आरोपी पकड़ा गया

## नव संवत्सर का जबरदस्त स्वागत ध्वज पताकाओं से सजा शहर

हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद- नव संवत्सर का शनिवार को जबरदस्त स्वागत किया गया। एक तरफ जहां नव संवत्सर का जबरदस्त स्वागत ध्वज पताकाओं से सजा शहर खाबाद कन्नौज फर्रुखाबाद नव संवत्सर का शनिवार को जबरदस्त स्वागत किया गया। एक तरफ जहां लोग देवी मां की भक्ति में डूबे थे तोवहीं दूसरी ओर नव संवत्सर पर एक दूसरे को बधाई देने का सिलसिला भी पूरे दिन जारी रहा। सोशल मीडिया पर भी नव संवत्सर पर बधाइयों का दौर चला। वहीं नव संवत्सर पर शहर को ध्वज पताकाओं से सजाया गया था। विभिन्न संस्थाएं भी नव संवत्सर के आगाज होने पर उत्साहित थी सुबह संस्कार भारती के कला साधकों ने पल्ला देवी मठिया पर मां दुर्गा शक्ति की उपासना करके सभी के जीवन के लिए मंगल कामनाएं कीं। प्रांतीय महामंत्री सुरेंद्र पांडेय ने कहा कि नव वर्ष की परंपरा सनातन है। नव वर्ष वैज्ञानिक है। ज्योतिष की कसौटी पर भी यह प्रमाणित है। हिंदू धर्म के पवित्र संस्कार इसी के अनुसार होते हैं। नव संवत्सर पर विभिन्न आयोजन भी होते हैं। वहीं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने भी नव संवत्सर मनाया। श्यामनगर स्थित विद्यालय में आरएसएस कार्यकर्ताओं ने डा.हेडगेवार को याद किया। बौद्धिक प्रमुख आशुतोष ने भारतीय नववर्ष पर अपने विचार रखे। कहा कि हमें गर्व होना चाहिए। इस दुनिया में भारतीय नववर्ष सबसे प्राचीन काल से चला आ रहा है। यह भूगोल, इतिहास और ज्योतिष पर आधारित है। इसमें हमारी संस्कृति छिपी है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को आज के दिन अच्छे कार्यों की शपथ लेनी चाहिए। इस दौरान सभी ने डॉ. हेडगेवार के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। डा.सुबोध वर्मा, वीरेंद्र, सुधीर, आदि मौजूद रहे। वहीं जटवारा जदीद में नव संवत्सर पर आयोजित कार्यक्रम में युवाओं को शपथ दिलाई गई कि वह सकारात्मक भाव से समाज के लिए काम करेंगे। इस दौरान चंद्रपाल वर्मा, शिवनरायन, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे

## MLC चुनाव को लेकर 3 जोन में बंटा जिला

हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद- फर्रुखाबाद में जिला प्रशासन की ओर से होने वाले विधान परिषद चुनाव को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रशासन द्वारा चुनाव को शांतिपूर्ण कराने के लिए 3 जोन में जिले को बांटा गया है। यहां प्रत्येक बूथ पर 11 स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया, मतदान के दौरान शांति व्यवस्था की दृष्टि से जनपद को तहसीलवार 3 जोन में बांट कर जोनल मजिस्ट्रेट तैनात कर दिए गए हैं। इसके अलावा जनपद के सभी 9 मतदान केंद्रों पर स्थाई रूप से स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है मतदान के लिए पोलिंग पार्टी में जनपद स्तरीय अधिकारियों को ही पीठासीन बनाया जाएगा। पोलिंग पार्टियों का गठन कर दिया गया है। इनका रैंडमाइजेशन प्रेक्षक की मौजूदगी में पोलिंग पार्टियों की रवानगी से पूर्व किया जाएगा। उन्होंने बताया, 8 अप्रैल को पोलिंग पार्टियों को कलेक्ट्रेट से रवाना किया जाएगा मांगे गए आवेदन एडीएम ने बताया, एमएलसी चुनाव में निरक्षर व दृष्टिहीन मतदाताओं को हेल्पर दिए जाने का प्रावधान है। इसके लिए जिलाधिकारी ने 5 अप्रैल को शाम 4 बजे तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। नियत टाइम-लाइन के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया, निर्धारित अवधि में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर जांच कराने के बाद निर्णय लिया जाएगा

## फर्रुखाबाद टू कानपुर जाने वाली ट्रेन से चार गायों की ट्रेन से टक्कर लगने से मौके पर ही मौत

हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद- विकासखंड कमालगंज के गांव शेखपुर के पास गुमटी संख्या 138, 139,123/4 के पास में आवारा गोवंश घूम रहे थे। सुबह 5:55 पर फर्रुखाबाद-टू-कानपुर जाने वाली ट्रेन की चपेट में आने से चार गायों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि एक गाय गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसके बाद ट्रेन लगभग 40 मिनट तक वहीं खड़ी रही। गेटमैन विजय कुमार ने स्टेशन मास्टर को सूचना दी। मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने घटना की जानकारी की। जिसके बाद मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान ने इसकी सूचना थाने व बीडीओ आलोक आर्य को दी। बीडीओ आलोक आर्य छुट्टी पर होने के कारण उन्होंने आनन-फानन में एडीओ पंचायत शैलेंद्र त्रिपाठी को मौके पर भेजा। मौके पर पहुंचे शैलेंद्र त्रिपाठी ने गायों को दफन करवाने की व्यवस्था की। जिसके बाद में ग्राम पंचायत अधिकारी आदित्य कुमार भी वहां पहुंच गए। दरोगा हेमंत कुमार ने डॉक्टर को सूचना दी। आनन-फानन में पहुंचे पशु चिकित्साधिकारी डा0 रमेश चंद्र ने घायल गाय का उपचार किया और उसे कान्हा गौशाला में भिजवाया। जिसके बाद में ग्राम प्रधान व अन्य ग्रामीणों की मदद से गायों को दफन करने का काम किया गया उसी समय लखनऊ-टू-अहमदाबाद समय लगभग 2=30 बजे दोपहर को अहमदाबाद जा रही है। एक्सप्रेस में उसी जगह पर एक और गाय को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह तड़पती हुई रोड पर गिरि और उसकी भी मौके पर ही मृत्यु हो गई। फिर ग्रामीणों की सहायता से उस गाय को भी दफन करवाया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान बबलू, एसआई हेमंत कुमार, एडीओ पंचायत शैलेंद्र त्रिपाठी, ग्राम पंचायत सहायक आदित्य कुमार व कई ग्रामीण इस घटनास्थल पर मौजूद रहे।

## सड़क हादसा : सातनपुर मंडी में काम खत्म कर लौट रहा था पल्लेदार तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से मौके पर हुई मौत

हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद- फर्रुखाबाद स्थित सातनपुर मंडी के पास शनिवार देर रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने पल्लेदार को टक्कर मार दी। गंभीर स्थिति में उसे लोहिया अस्पताल ले जाया गया। इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने पल्लेदार को मृत घोषित कर दिया बता दें शाहजहांपुर जनपद निवासी जयराम अपने कई साथियों के साथ सातनपुर मंडी में पल्लेदारी का कार्य करते थे। जयराम के साथी निराला ने बताया, शनिवार की देर रात सभी लोग कमरे की तरफ जा रहे थे। इस दौरान इटावा-बरेली हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने जयराम को टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें लोहिया अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया 4 वर्ष से मंडी में कर रहे हैं कार्य निराला ने बताया, जयराम 4 वर्षों से मंडी में पल्लेदारी का कार्य करते थे। कहा कि त्योहार पर ही जयराम घर आदि जाते थे। उन्होंने बताया टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

*अन्य खबरों के लिए देखे*
WWW.KNLSIVE.COM

# नवेली बुंदेली कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री राम केश निषाद

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा - महिला अस्पताल में डीएम अनुराग पटेल की नई पहल नवेली बुंदेली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के जल शक्ति मंत्री रामकेश निषाद शामिल हुए। आज पैदा हुए बच्चों के साथ केक काट कर जन्म दिन मनाया गया। वही जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने बताया कि बुंदेलखंड में बच्चियों के जन्म को अभिशाप मानते हैं।लड़के के जन्म पर बराहो करते है।बच्ची के जन्म पर खुशी नही मनाते है। लड़का और लड़की का भेदभाव खत्म हो जन्मदिन से नवेली बुंदेली कार्यक्रम की शुरुआत की थी। अब तक 3502 बच्चियां जन्म ले चुकी है। कन्याओं के जन के बाद उनसे जुड़ी जो योजनाएं हैं उनके माता-पिता



दादा दादी से जुड़ी योजनाओ का लाभ पहुंचाया जा रहा है। जब कन्याओं से जुड़ी सभी योजनाओं का लाभ उनके माता-पिता को मिलने लगेगा तो कन्या के पैदा होने पर लोग अभिशाप नहीं बल्कि देवी का वरदान और देवी का रूप मानेंगे। अभी तक 1442 को कन्या सुमगला योजना का लाभ मिल चुका है। 3442 को प्रमाण पत्र दे चुके है। 3063 को प्रधान मंत्री मातृ वंदना का लाभ दिला चुके है। 210 जो श्रमिक घर की बच्चियों का लाभ दिला चुके है।

# बरेली के बेटी का अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन

## पलक अग्रवाल द्वारा संकटमोचन हनुमानजी की पेंटिग से दुबई मे आयोजितअन्तर्राष्ट्रीय कला प्रतियोगिता मे चयन

तकी रजा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- कोई भी कला हो आपने अगर प्रतिभा है तो आपको अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त करा देती है। जी हां उत्तर प्रदेश के जनपद बरेली की अनुपम अग्रवाल अंजली अग्रवाल की पुत्री पलक अग्रवाल द्वारा संकटमोचन हनुमानजी की पेंटिग का दुबई मे आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय कला प्रतियोगिता मे चयन हो गया है भारत के कमोबेश सभी राज्यों के कलाकारों नें भाग लिया है। इसमें भारत के अलावा फिलीपींस , अमेरिका, क्यूबा, नेपाल, पाकिस्तान, थाईलैंड और कई देशों के कलाकारों नें भाग लिया है। इस आयोजन में 7 से 70 वर्ष की आयु के कलाकारों नें भाग




लिया है ।आप को बता दें कि बरेली की युवा चित्रकार पलक अग्रवाल की कलाकृति भी इस अन्तर्राष्ट्रीय संकटमोचन कला प्रतियोगिता में शामिल किया गया है। पलक द्वारा रचित कलाकृति दोहा - पवन तनय संकट हरण मंगल मूरत रूप । राम लखन सीता सहित हृदय बसौ सुर भूप ॥ पर आधारित है यह चित्र मिश्रित माध्यम में आकार,3 पेपर पर बना है। जो संकटमोचन अंतर्राष्ट्रीय कला प्रतियोगिता में चयन किया गया है। कलाशिल्प जो भारत के कला और कलाकारों को बढ़ावा देने के लिए दुबई स्थित मंच आर्ट्स क्राफ्ट द्वारा आयोजित संकट मोचन अन्तर्राष्ट्रीय कला प्रतिगोगिता का आयोजन अनिल केजरीवाल द्वारा किया गया है जिसमें 200 से अधिक कलाकारों नें 10 से अधिक देशों से भाग लिया है पलक अग्रवाल ने कई ऑनलाइन तथा ऑफलाइन राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं व कई कला प्रदश?नी में भाग लिया है मे भाग लिया है और पुरुस्कार भी प्राप्त किये है

# ग्रामीणों का हंगामा देखकर भड़के एसडीएम ने की गालियों की बौछार, फिर डंडा लेकर भगाया

यूपी के मुरादाबाद की बिलारी तहसील के एसडीएम का ग्रामीणों से अभद्रता का वीडियो वायरल हुआ है। राशन दुकान बहाल करवाने की मांग करने पहुंचे ग्रामीणों का आरोप है कि एसडीएम ने उन्हें डंडा लेकर खदेड़ा और अपशब्द कहे। एसडीएम ने आरोपों को खारिज करते हुए ग्रामीणों का दुकान बहाल करवाने का अनावश्यक दबाव बताया। दरअसल बिलारी तहसील के कुंदरकी ब्लाक के तेवर खास गांव में राशन विक्रेता पर राशन हड़पने का आरोप है।



इक्कतीस मार्च को जांच में यह खुलासा हुआ था कि राशन विक्रेता रिजवान ने 497 लोगों के निशान अंगूठा लगवा लिए और राशन नहीं दिया। बिलारी एसडीएम का गाली देने का वीडियो वायरल होते ही मामला डीएम तक पहुंच गया है। डीएम ने वायरल वीडियो पर एडीएम प्रशासन से जांच करने को कहा है। डीएसओ अजय प्रताप सिंह के टीम समेत जांच की तो राशन दुकानदार के यहां से बरामद भी हो गया। डीएसओ ने कहा कि राशन विक्रेता दूसरे चक्र में राशन वितरण दिखाने की फिराक में था। इस पर राशन दुकानदार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करते हुए दुकान निलंबित कर दी गई। अपशब्दों का प्रयोग करते हुए लोगों को डंडा लेकर खदेड़ा। सभी से कहा यहां से भाग जाएं। इसी दौरान किसी ने वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया तो हड़कंप मच गया। बिलारी एसडीएम घनश्याम' का कहना है कि तेवर खास में राशन दुकानदार ने राशन हड़पा था जांच के बाद दुकान निलंबित कर एफआईआर करवाई गई। आजकुछ लोग मेरे आवास पर आकर अनुचित ढंग से दुकान बहाल करने की मांग कर रहे थे। उन लोगों ने आवास पर हंगामा किया। अभ्रदता की। मैंने सिर्फ उन्हें वहां से जाने को कहा था। मैंने अभद्रता नहीं की। इस मामले में कुछ लोग सियासत कर रहे हैं।

# योगेंद्र गंगवार के प्रदेश अध्यक्ष बनने एवं प्रथम बार गृह जनपद बरेली आगमन पर स्वागत में उमड़ा देव तुल्य जनता एवं कार्यकर्ताओं का सैलाव

तकी रजा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- भारतीय जनता पार्टी के अनुसांगिक संगठन भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ में मा.योगेंद्र गंगवार जी को उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष एवं मा.प्रमोद परिहार जी को उत्तर प्रदेश का प्रदेश संरक्षक व *मा. अनुराग शर्मा जी को प्रदेश मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर एवं प्रथम बार बरेली आगमन* पर भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन जगह जगह किया गया। 1=00 बजे दोपहर,इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी हाईवे मोड* पर स्वागत एवं अभिनन्दन मा.प्रदेश मंत्री ( पूर्व सीओ ) श्री जगदीश सिंह पाटनी जी क्षेत्रीय अध्यक्ष बृज क्षेत्र श्री प्रियंक वर्मा जी,बरेली प्रभारी श्री संजय वर्मा जी,के नेतृत्व,में जिला अध्यक्ष बरेली श्री सुशील छतवाल जी एवं संगठन के जिला व महानगर के समस्त पदाधिकारियों द्वारा किया गया। भुता मोड वीसलपुर हाईवे-1.15 बजे स्वागत व माल्यार्पण श्री वीरेन्द्र गंगवार प्रधान जी व श्री



देवेन्द्र कु.मौर्य जी के नेतृत्व में मीरगंज एवं बहेड़ी,बिथरी विधानसभा के कार्यकर्ताओं द्वारा। साईं मंदिर ग्रीन पार्क स्वागत - 1=25 बजे*, पुखराज हेल्थकेयर टीम जाहिद अली जी के नेतृत्व में ग्रीन पार्क की जनता द्वारा सुरेश शर्मा नगर स्वागत-1=35 बजे* श्री विपिन गंगवार जी के नेतृत्व में भोजीपुरा विधानसभा के कार्यकर्ताओं द्वारा। महानगर कॉलोनी गेट स्वागत - 1=45 बजे* जिला अध्यक्ष सुशील छतवाल जी,सिद्धार्थ जी, प्रिंस जी,परमार जी, विवेक सक्सेना जी एवं समस्त महानगर पदाधिकारियों द्वारा। आशुतोष सिटी गेट -1 कान्हा श्याम होटल पर स्वागत 1=55 बजे श्री यतेंद्र गंगवार जी,श्री धर्मवीर गंगवार जी,श्री सुनील सिंह जी,श्री गंगाधर गंगवार,श्री प्रवेन्द्र गंगवार,श्री धर्मेंद्र गंगवार जी के नेतृत्व में कॉलोनी के निवासियों द्वारा। ग्रेटर आकाश कॉलोनी स्वागत शाम 5=00 बजे*- जिला उपाध्यक्ष श्री आकाश गंगवार जी नेतृत्व में घर पर उनके परिवार व कॉलोनी वासियों द्वारा वीर सावरकर नगर स्वागत शाम 5=40 बजे* दयाराम भदौरिया जी एवं आशीष गुप्ता जी एवं कॉलोनी वासियों द्वारा।उदरनपुर रिठौरा पर स्वागत 2=20 बजे - नवाबगंज विधानसभा अध्यक्ष डॉ.ज्वाला प्रसाद मौर्य जी संतोष गंगवार जी,जगदीश जी के नेतृत्व में मोहब्बत अली जी ग्राम प्रधान जी सुरेश गंगवार जी प्रधान प्रत्याशी मूलचंद मौर्य जी ग्राम प्रधान प्रत्याशीसंजय गंगवार जी पूर्व प्रधान जीकिशनलाल मौर्य जी,विनोद कुमार जी अंकित मौर्य जी,रामलाल जी,भजन लाल मौर्य जी ,नरेश गंगवार जी कोटेदार एवं ग्राम वासियों द्वारा हाफिजगंज बाईपास स्वागत 2=35 बजे* राकेश देवल जी व संतोष जी, मोहववे अली प्रधान जी एवं जनता द्वारा हरदुआ मोड स्वागत 2=55 बजे - केशव गंगवार रोहित ( RSS) MD LBS डिग्री कॉलेज टीम, नरेश गंगवार जी ( ऋस्स ) एवं ग्राम वासियों द्वारा। नबाबगंज गन्ना सोसायटी पर स्वागत 3=10 बजे* पर स्वागत आत्माराम गंगवार जी नवाबगंज प्रभारी, श्री देवेन्द्र सिंह आचार्य जी एवं जनता द्वारा। रामलीला ग्राउंड नबाबगंज स्वागत 3.20 बजे सभी नवाबगंज के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा फिर संबोधन एवं प्रेस कांफ्रेंस। योगेन्द्र गंगवार ने अपने सम्बोधन में में कहा कि गृह जनपद आगमन पर सभी सम्मानित देव तुल्य जनता एवं कार्यकर्ताओं के उमड़े जनसैलाव ने भारत माता की जय वन्देमातरम जय श्रीराम के नारों के साथ भव्य स्वागत,अभिनन्दन कर जो प्रेम, स्नेह,और आशीर्वाद प्रदान किया, उसका मैं हमेशा ऋणी रहूंगा! मैं आप सबको आश्वस्त करता हूं,कि आप सभी की आशा,आकांक्षाओं के अनुरूप आपकी सेवा में पूरी तरह समर्पित रहूंगा, एवं अपने संगठन को रात दिन मेहनत कर ऊंचाइयों तक लेकर जाऊंगा !प्रदेश अध्यक्ष बनाने के लिए मैं अपने संगठन के माननीय राष्ट्रीय महासचिव श्रीमान सर्वेश पाठक जी एवं संगठन के समस्त शीर्ष नेतृत्व व संगठन के सभी सम्मानित पदाधिकारियों, कार्यकर्त्ताओं का आभार प्रकट किया।

# श्रीलंका में कर्फ्यू के बावजूद बिगड़े हालात, 600 गिरफ्तार, पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले, सरकार ने बढ़ाई सख्ती

कोलंबो, एजेंसियां। श्रीलंका में गहराए आर्थिक संकट के चलते हालात बेहद खराब हो गए हैं। सरकार ने बवाल से बचने के लिए देश में 36 घंटे का राष्ट्रव्यापी कर्फ्यू लगाया था फ?िर भी प्रदर्शनों पर लगाम नहीं लग पा रही है। समाचार एजेंसी पीटीआइ की रिपोर्ट के मुताबिक श्रीलंका के पश्चिमी प्रांत में रविवार को राष्ट्रव्यापी कर्फ्यू का उल्लंघन करने की कोशिश करने के आरोप में 600 से ज़्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है। विपक्ष ने प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग की निंदा की है। श्रीलंका में मुख्य विपक्षी दल समागी जन बलवेगया के सांसदों ने रविवार को डीपेंडेंस स्क्वायर की ओर मार्च करते हुए नारे लगाए। मार्च की अगुवाई कर रहे साजिथ प्रेमदासा ने कहा कि हम जनता को विरोध के अधिकार से वंचित करने के लिए सार्वजनिक सुरक्षा अध्यादेश के दुरुपयोग का विरोध कर रहे हैं। पश्चिमी प्रांत में रविवार को कुल 664 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। रायटर की रिपोर्ट के मुताबिक एक संघीय सांसद ने बताया कि पुलिस ने रविवार को



मध्य श्रीलंका में सैकड़ों प्रदर्शनकारी छात्रों पर आंसू गैस के गोले दागे। मालूम हो कि श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने शुक्रवार देर रात एक गजट अधिसूचना जारी करके देश में एक अप्रैल से आपातकाल लागू कर दिया है। यही नहीं सरकार ने शनिवार शाम छह बजे से चार अप्रैल की सुबह छह बजे तक 36 घंटे का कर्फ्यू भी लागू कर दिया है। समाचार एजेंसी पीटीआइ की रिपोर्ट के मुताबिक सरकार ने अफवाहों पर लगाम लगाने के लिए रविवार को व्हाट्सऐप, ट्वीटर, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंचों पर पाबंदी लगाने का निर्णय लिया। वहीं विपक्षी सांसद हर्षा डी सिल्वा का कहना है कि हर हाल में श्रीलंका में लोकतंत्र की रक्षा की जाएगी। मालूम हो कि आर्थिक संकट में घिरे श्रीलंका में ईंधन की किल?लत के चलते घंटों तक बिजली कटौती हो रही है। लोगों को भोजन, जरूरी वस्तुओं, ईंधन और दवाओं की कमी का सामना करना पड़ रहा है। भारत ने श्रीलंका को 40 हजार टन डीजल उपलब्ध कराया है। यही नहीं भारतीय उच्चायोग ने श्रीलंका में सैनिक भेजने की खबरों को आधारहीन बताते हुए इस बारे में खंडन जारी किया है।

आपका लोकप्रिय दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

ज्वाइन करने का सुनहरा मौका

आवश्यकता है

बरेली मुरादाबाद बदायूं उधम सिंह नगर की सभी तहसील एवं ब्लाक स्तर पर रिपोर्टर की

संपर्क करें- 9027776991

# संभल में फूड पॉइजनिंग, कुट्टू के आटे से बनी कचौड़ी खाने से दो परिवारों के 13 लोगों की बिगड़ी हालत



संभल जिले के धनारी कस्बे के बस स्टैंड के पास स्थित दुकान से खरीदे गए कुट्टू के आटे से बनी कचौड़ी खाने से दो परिवार के 13 लोगों की हालत बिगड़ गई। उल्टी-दस्त और चक्कर आने पर सभी को गुन्नौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। एसडीएम से लोगों ने शिकायत की तो उन्होंने खाद्य निरीक्षक को मौके पर भेजकर जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। खाद्य निरीक्षक ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल करने के बाद आटे के नमूने भी लिए हैं। धनारी थाने के सामने रहने वाले राम बाबू शर्मा के घर में नवरात्र के पहले दिन शाम को कुट्टू के आटे की कचौड़ी बनी थी। सभी लोग कुट्टू के आटे की बनी कचौड़ी खाकर सो गए। रातभर बेहोशी की हालत में रहे, लेकिन जैसे ही रविवार की सुबह को उठे तो सभी को उल्टी और दस्त होने लगे। चक्कर आने लगे, आंखों में जलन की शिकायत भी होने लगी। परिवार में बड़े बेटे संजीव कुमार, उनकी पत्नी रिची शर्मा, छोटा बेटा संजीव शर्मा और रामबाबू की पत्नी फूलवती शर्मा की हालत बिगड़ी। घर में उनके सबसे छोटे बेटे संजीव की पत्नी ज्योति ने कचौड़ी नहीं खाई इसलिए उनकी तबीयत ठीक रही। इसके अलावा पूर्व प्रधान सुखलेश वार्ष्णेय के परिवार में भी कुट्टू के आटे से खाद्य सामग्री तैयार हुई थी। सभी रात में व्रत खोलकर सो गए। सुबह उठकर इस परिवार के आठ लोगों को भी उल्टी दस्त और चक्कर आने की शिकायत शुरू हो गई। पहले सभी का उपचार घर में ही शुरु कराया गया, लेकिन हालत में कोई भी सुधार नहीं है। पूर्व प्रधान सुखलेश के अलावा उनके पति दिनेशचंद, बड़े बेटे कपिल कुमार की पत्नी शिल्पी वार्ष्णेय, दूसरे बेटे अतुल कुमार, उनकी पत्नी राजकुमारी, बेटी दर्शिका, सबसे छोटे बेटे अंकित कुमार और उनकी पत्नी संध्या वार्ष्णेय की तबीयत खराब हुई है। लोगों ने इसकी शिकायत गुन्नौर एसडीएम राकेश धामा से की तो उन्होंने खाद्य निरीक्षक इंद्रजीत सिंह को मामले की जांच के निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को तत्काल मौके पर पहुंचने और सभी का उपचार करने का निर्देश दिया।

## कुट्टू का आटा बंद पैकेट खरीदा गया था

दोनों ही परिवारों के द्वारा बताया गया कि जिस कुट्टू के आटे को उनके द्वारा खाया गया। वह बंद पैकेट में था और एक कंपनी का मार्का भी उस पर लगा हुआ था। हालांकि दोनों ही परिवारों ने अलग-अलग दुकान से यह आटा खरीदा था। दोनों ही दुकानदार फुटकर विक्रेता है। वहीं खाद्य निरीक्षक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि धनारी में कुट्टू के आटे के खाने से कई लोगों की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिली है। मौके पर पहुंचकर जांच की जा रही है। कहां से आटा खरीदा गया है और यह एक्सपायरी डेट का तो नहीं है। इसकी जांच कर नमूना लिया जा रहा है।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पहुंचने पर गिरे शटर

धनारी में रविवार को फूड प्वाजनिंग की घटना के बाद जैसे ही खाद्य सुरक्षा अधिकारी धनारी पहुंचे और उन्होंने राहुल किराना स्टोर की दुकान की चेकिंग शुरू की। उसके बाद धनारी बस स्टैंड के पास मौजूद किराना की सभी दुकानों के शटर गिर गये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी जब राहुल किराना की दुकान के बाद आगे बढ़े तब सभी दुकानों के शटर बंद मिले।

ऑफर

आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में

संपर्क करे-

9027776991